कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका,
जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

web site- www.rablcollege.ac.in Email : govt.collegeghumka@gmail.com

घुमका, दिनाँक 26.12.2023

//प्रतिवेदन//

व्यक्तित्व निर्माण एवं नारी सशक्तिकरण पर व्याख्यान

शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय घुमका में आज दिनांक 26. 12.2023 को व्यक्तित्व निर्माण संबंधी व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से व्याख्यान के लिए खिलेंद्र सोनी शासकीय कमला देवी राठी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव एवं शीला सोनी को आमंत्रित किया गया। उन्होंने व्यक्तित्व निर्माण संबंधी विशेष पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किये एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने सकारात्मक व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तित्व के प्रभाव से जो कार्य करने हैं उसमें सफलता प्राप्त करने के लिए एक सफल व्यक्तित्व के निर्माण के लिए कई सारे बिंदुओं पर उन्होंने प्रकाश डाला उन्होंने कहा की किसी क्षेत्र में अगर आप जाते हैं चाहे वह प्रतियोगी परीक्षाएं हो पीएससी हो यूपीएससी हो उन क्षेत्रों में सिलेक्शन के लिए आपके व्यक्तित्व का एक बहुत बड़ा हाथ होता है तो अपने व्यक्तित्व निर्माण के लिए बौद्धिक एवं सकारात्मक विचारों का प्रतिपादन अपने जीवन में हमें करना आवश्यक हैं । इसके पश्चात शीला सोनी ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे कहा की एक विकसित समाज की कल्पना बिना नारी के योगदान के बिना संभव नहीं है, नारी को भी समाज में सशक्त होने की आवश्यकता है आज नारी भी विभिन्न क्षेत्रों मे भी आगे हैं। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता जनभागीदारी शिक्षक एवं 190 छात्रों ने अपनी उपस्थिति दी कार्यक्रम का संचालन श्री विनोद कुमार वर्मा ने किया।

(डॉ. बी. के. देवांगन)
प्राचार्य
शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)